Dr SeemaTeotia, Mentor, NAAC by UPSHEC, Lucknow

E-mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक : ——/रा0उ0शि0प0/——/—
दिनांक : 17 दिसम्बर, 2019

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
बरेली,
उत्तर प्रदेश।

विषय : वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 में नैक मूल्यांकन हेतु चिन्हित महाविद्यालयों को नैक प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन की ओर से प्रेषित पत्र संख्या–341/रा0उ0शि0प0/42/18/ 2019–20, दिनांक 11 दिसम्बर 2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के क्रमांक–02 एवं 06 में उल्लिखित है कि विषय विशेषज्ञ (Mentors), नैक प्रक्रियाधीन महाविद्यालयों की तैयारी से सम्बन्धित जिज्ञासाओं/कठिनाइयों का निराकरण करेंगे। Mentors उन्हें नैक प्रक्रिया (Preparation of SSR) की समुचित जानकारी प्रदान करेंगे। आपके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आप द्वारा निम्नलिखित Mentors के नाम प्रेषित किये गये हैं :–

क्र.सं.	नाम	विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का नाम
1.	डॉ0 बी0पी0 सिंह,	हिन्दू कालेज, मुरादाबाद
2.	डॉ0 सीमा तेवतिया	राजकीय रजा पी0जी0 कालेज, रामपुर
3.	डॉ0 यू0एन0 सिद्दीकी	जी0एफ0 कालेज, शाहजहापुर।
4.	डॉ0 क्षमा पाण्डेय, शिक्षा शास्त्र	महात्मा ज्योतिबाफूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

क्रमशः .... 02 पर

अतः अनुरोध है कि वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 में नैक मूल्यांकन हेतु चिन्हित महाविद्यालयों को आपके स्तर से आयोजित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोन के Mentors को भी आमंत्रित किया जाए तथा नैक मूल्यांकन प्रक्रिया से प्रशिक्षत कराने एवं एस0एस0आर0 की तैयारी कराने में उनका सहयोग प्राप्त किया जाए। Mentors, वास्तव में महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन में मार्गदर्शक (Torch Bearers) का कार्य करेंगे। निःसंदेह महाविद्यालयों को सुझाव/प्रशिक्षण प्रदान किये जाने से स्तरीय एस0एस0आर0 तैयार होंगे और प्रदेश के अधिक से अधिक महाविद्यालय अच्छी ग्रेड में नैक से मूल्यांकित हो सकेंगे। महाविद्यालयों द्वारा तैयार किये गये एस0एस0आर0 की भली–भाँति समीक्षा करके नैक संस्था को प्रेषित कराने में सम्बन्धित Mentors आपके मार्गदर्शन में सहयोग प्रदान करेंगे, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया यथाशीघ्र सम्पन्न हो सके तथा प्रदेश के अधिक से अधिक महाविद्यालयों की गणना नैक मूल्यांकित की श्रेणी में हो सके।

कृपया अपने स्तर से भी Mentors को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए शासन के इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपनी व्यक्तिगत अभिरूचि के साथ यथावांछित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

डॉ0(आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

पत्रांक : 349/रा0उ0शि0प0/42/18 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा उ0प्र0, प्रयागराज।
4. सम्बन्धित नैक Mentors.
5. नैक Mentors से सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य को इस अभ्युक्ति के साथ कि वह कृपया आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आमंत्रित किये जाने पर मेन्टर्स को महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग के लिये निदेशित करने का कष्ट करें।

डॉ0(आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव